Fourteenth Loksabha

Session : 10
Date : 09-03-2007

Participants : Kumar Shri Shailendra

>

Title: Regarding non-issuance of BPL cards to the poor and weaker sections of the society.

श्री शैलेन्द्र कुमार : अध्यक्ष महोदय, मैं आपकी अनुमति से शून्य प्रहर में बहुत महत्वपूर्ण प्रश्न उठाना चाहूंगा, जो चिन्ता का विाय है।

MR. SPEAKER: You are raising the same issue.

श्री शैलेन्द्र कुमार : सम्पूर्ण देश में आज भी हम लोग, चाहे सत्ता या विपक्ष में सदन में बैठे हुए हैं, सम्मानित सदस्य जब अपने क्षेत्रों में जाते हैं तो हर गरीब आदमी खड़ा हो जाता है और खासकर जो बी.पी.एल. धारक होते हैं, जिनके ऊपर बहुत अत्याचार और शोाण हुआ है, गरीब आदमी खड़े होकर बस यही कहते हैं कि साहब, मेरा बी.पी.एल. का कार्ड नहीं बना। यह बहुत बड़ी समस्या है और यह भी शिकायत आती है, जब प्रधान से पूछा जाता है या क्षेत्र पंचायत के प्रमुखों से पूछा जाता है तो यही जवाब आता है कि हमें 50 कार्ड मिले हैं और 150-200 लोग खड़े हैं, हम किस किसको दें।

मैं आपके माध्यम से इस सदन का ध्यान आकर्िात करना चाहूंगा और भारत सरकार से भी मेरी मांग है कि इसमें जो बी.पी.एल. धारक हैं, उनके ज्यादा से ज्यादा कार्ड बनें ताकि जो सरकारी योजनाएं हैं, जो कार्यक्रम चल रहे हैं, उनका फायदा उनको नहीं मिल पा रहा है और उन लोगों का शोाण हो रहा है। गरीबी आज भी पूरे देश में है, जबकि जो भी सरकार आती है और खासकर यू.पी.ए. सरकार कहती है कि हम गरीबी दूर करेंगे। गरीबी दूर नहीं हो सकती, इसलिए मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि सभी बी.पी.एल. धारकों का शत-प्रतिशत कार्ड बनाया जाये, ताकि उनको जो सरकार की योजनाएं हैं, उनका लाभ उनको मिल सके, तभी देश का विकास हो सकता है।